सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-383
08/09/2016

## मुख्यमंत्री ने गया में पहाड़ों से चट्टान खिसकने की आशंका एवं भारी बारिश के कारण हुये जलजमाव की स्थिति का निरीक्षण किया

पटना, 08 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार गया में पहाड़ों से चट्टान खिसकने की आशंका एवं कई इलाकों में भारी बारिश के कारण जलजमाव की सूचना पर आज गया पहुॅचे और सबसे पहले शाहमीर तक्या दुर्गा स्थान का दौरा किया। उन्होंने एक मकान की छत से मेगाफोन के माध्यम से शाहमीर तक्या दुर्गा स्थान में पहाड़ी की तलहटी में बसे लोगों से घर खाली करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है। उन्होंने कहा कि अगर फिर बारिश हुयी तो पत्थर के खिसकने का डर है। उन्होंने कहा कि उनके लिये अलग कैम्प की व्यवस्था की जा रही है और जहॉ उनके खाने–पीने तथा रहने की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार गश्त करेगी और उनके घरों की सुरक्षा करेगी, आप घर की सुरक्षा के लिये चिंतित न हों। जिला प्रशासन के लोग इसकी पूरी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला में लोगो को ठहराने के लिये जो व्यवस्था की गयी थी, उसमें आप रह सकते हैं। यह प्राकृतिक आपदा है, पत्थर, पहाड़ पर किसी का जोर नहीं है बगैर कोई देर किये इसे खाली कर दीजिये। चट्टान खिसकने की जॉच हेतु प्रधान सचिव खान एवं भूतत्व के नेतृत्व में राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग के विशेषज्ञ एवं अभियंता यहॉ पहुॅच गये हैं और इसकी जॉच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चट्टान खिसकने की जॉच हेतु कल नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के द्वारा सेना के विशेषज्ञों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ बतायेंगे कि इस समस्या का क्या समाधान है। यह बिल्कुल प्राकृतिक चीज है, यह पत्थर खिसका तो बॉय–दॉये या सामने भी आ सकता है। चट्टान इतना बड़ा है कि अगर खिसककर गिरा तो भारी क्षति होगी।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जलजमाव का निरीक्षण किया। जानकारी दी गयी कि अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने पंतनगर में मनसरवा नाले के बीच अतिक्रमण को तुरंत हटाने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गया हवाई अड्डा पर अधिकारियों के साथ बैठक कर द्रुतगति से कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने महानिदेशक अग्निशमन सेवायें श्री पी0एन0 राय को समन्वय कर सभी कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण कराने हेतु गया में कैम्प करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर गया के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री ब्यासजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मगध प्रमण्डल के आयुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक तथा खान एवं भूतत्व विभाग के विशेषज्ञ एवं अभियंता उपस्थित थे।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने पटना से गया जाने के क्रम में गया में लगातार बारिश के कारण हुये जलजमाव का एरियल सर्वे भी किया।

******